‘विदथ’ : हिन्दी संपादकीय समिति

और

हिन्दी साहित्य सभा

(इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय)

रिपोर्ट : आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में
“हम, भारत के लोग” विषय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की हिन्दी संपादकीय समिति ‘विदथ’ और ‘हिन्दी साहित्य सभा’ के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 12.08.21 को एक विशेष गूगल मीट कार्यक्रम में ‘आज़ादी के अमृत महोत्सव’ (भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष) के उपलक्ष्य में ‘**हम, भारत के लोग**’ विषय पर निबंध लेखन, स्वरचित कविता और स्लोगन-पोस्टर रचना प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अनेक प्राध्यापक भी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित थे। सबसे पहले सदस्य मुस्कान ने सबका स्वागत करते हुए संपादकीय समिति का परिचय दिया। उसके बाद प्रज्ञा ने हिन्दी संपादकीय समिति के नए नाम ‘विदथ’ के बारे में बताया। मेघा ने हिन्दी साहित्य सभा का परिचय देते हुए ‘सृजन’ पत्रिका का उल्लेख किया।

हिन्दी साहित्य सभा की सदस्य कोमल ने कार्यक्रम की रूपरेखा का बताते हुए कहा कि कार्यक्रम को तीन भागों में विभाजित किया गया है—निबंध, स्लोगन-पोस्टर और स्वरचित कविता। इसके पश्चात् मेघा ने कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. हर्ष बाला शर्मा को संबोधित करते हुए उनका परिचय दिया। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कलम की ताकत के बारे में बताया। उन्होंने परिणाम की चिंता करने के बजाए अपनी रचनाएँ साझा करने की सलाह दी। इसके बाद कोमल ने एक-एक करके सभी प्रतिभागियों को अपनी रचनाएँ पढ़ने के लिए आमंत्रित किया और सबसे पहले निबंध, फिर स्वरचित कविता और अंत में स्लोगन-पोस्टर के साथ प्रतिभागी सामने आए। सभी ने पूर्ण निष्ठा के साथ रचना-कौशल का प्रदर्शन करते हुए वचन किया। इसके पश्चात् डॉ. हर्ष बाला शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आज के विद्यार्थी के कलम की सच्चाई की तारीफ़ की।

अंत में सलाहकार डॉ. पंकज कुमार बोस ने निर्णायक मंडल एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। उन्होंने इसके साथ समय एवं शब्द सीमा का ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने अपने विभाग के बाकी साथियों और इस आयोजन की संचालन समिति का भी धन्यवाद किया।

कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें :-





रिपोर्ट लेखन : **प्रेक्षा पाण्डेय** (हिन्दी ऑनर्स, द्वितीय वर्ष) एवं **कोमल** (हिन्दी ऑनर्स, तृतीय वर्ष)

डॉ. पंकज कुमार बोस

सलाहकार

'विदथ' और **हिन्दी साहित्य सभा**